भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2331
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 18 दिसंबर, 2023
27 अग्रहायण, 1945 (शक)

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत हिन्दू धार्मिक सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

2331. **श्री गोपाल शेट्टी:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में गुफाओं या गुम्बदों में बनाए गए हिन्दू सभ्यता अथवा हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिर जिन्हें बाद में मुगल शासकों और अंग्रेजों द्वारा नष्ट कर दिया गया था अभी भी मौजूद हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में मौजूद हिन्दू धार्मिक सांस्कृतिक विरासत के परिरक्षण और इसे उसके प्राचीन स्वरूप में पुन: स्थापित करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने का विचार है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में जन प्रतिनिधियों से भी प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है/की जा रही है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): आरंभिक ऐतिहासिक काल से हिन्दू मंदिरों/गुफाओं के साक्ष्य/अवशेष पाए गए हैं। भारत सरकार मंदिरों, गुफाओं और गुंबदों सहित राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों का रख-रखाव करती है।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षण संबंधी मानदंडों और नीति का अनुपालन करते हुए आवश्यकता, प्राथमिकता और संसाधनों के अनुसार राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों का संरक्षण, परिरक्षण और रख-रखाव करता है। यह एक सतत् प्रक्रिया है।

(ग) से (ड.): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को समय-समय पर कतिपय स्मारकों के अनुरक्षण और रख-रखाव से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों से अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। ऐसे अभ्यावेदनों की जांच की जाती है और आवश्यकता, प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

*****